राजस्थान सरकार
निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः एफ–279 / ई–03947 / बबाई / योजना / विकास / 2025 / 12 दिनांकः 10/1/25

/ / कार्यालय आदेश / /

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी झुन्झुनू के पत्र क्रमंकः 08 दिनांक 03.01.2025 से प्राप्त प्रस्तावानुसार, राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार सूरजमल बहादुरमल राजकीय चिकित्सालय बबाई जिला झुन्झुनू दानदाता प्रार्थीगण श्री राजेश कुमार चौधरी एवं पीयूष कुमार चौधरी हाल कोलकत्ता (वेस्ट बंगाल) के द्वारा ग्राम बबाई तहसील खेतडी जिला झुन्झुनू राजस्थान में स्थित भूमि जिसका कुल क्षेत्रफल 15105.50 वर्गगज को निःशुल्क उपहार स्वरूप देने एवं राज्य सरकार की स्वीकृति संख्या 12 / 2021–22 दिनांक 22.06.2021 के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बबाई पंचायत समिति खेतडी जिला झुन्झुनू के परिसर में दानदाता श्री अमित कुमार चौधरी, फ्लैट नम्बर बी–503 नगर रेजीडेन्सी, गुरूनानक पथ मालवीय नगर जयपुर द्वारा नवीन भवन (ब्लॉक) निर्माण करवाकर नामकरण ''मूरलीधर प्रकाश कुमार चौधरी भवन (ब्लॉक) रखे जाने की शर्तो के अध्याधीन एतदद्वारा स्वीकृति जारी की गई थी तथा सम्पूर्ण भूमि (कुल क्षेत्रफल 15105.50 वर्गगज) का पंजीयन नियमानुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पक्ष में करवाने के निम्नांकित शर्तो के अध्यधीन एतदद्वारा आदेश जारी किये जाते हैः–

1. प्रथमपक्ष / उपहारकर्तागण श्री राजेश कुमार चौधरी एवं श्री पीयूष कुमार चौधरी के द्वारा पंजीयन / दानग्रहण हेतु प्रस्तावित भूमि 15105.50 वर्गगज के अन्य कोई वारिस / मालिकाना हकदार नहीं है। स्टाम्प पेपर पर नोटेरी पब्लिक से सत्यापित अनुसार नियमानुसार कार्यवाही कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पक्ष में कर निदेशालय को अवगत करावें।
2. उपहारकर्तागण ही दानदाता सेठ सूरजमल बहादुरमल चौधरी के वंशज / वारिसगण है, का सत्यापन किये जाने के उपरान्त ही दानग्रहण हेतु प्रस्तावित ड्राफ्ट का विधिक परीक्षक (न्यायिक विवाद उत्पन्न न हो) उपरान्त ही नियमानुसार कार्यवाही कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पक्ष में कर निदेशालय को अवगत करावें।
3. सूरजमल बहादुरमल राजकीय चिकित्सालय बबाई जिला झुन्झुनू दानदाता प्रार्थीगण श्री राजेश कुमार चौधरी एवं पीयूष कुमार चौधरी हाल कोलकत्ता (वेस्ट बंगाल) के द्वारा ग्राम बबाई तहसील खेतडी जिला झुन्झुनू राजस्थान में स्थित भूमि जिसका कुल क्षेत्रफल 15105.50 वर्गगज को नि :शुल्क उपहार स्वरूप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पक्ष में नियमानुसार भूमि का लगने वाले पंजीयन शुल्क अथवा निशुल्क की कार्यवाही कर निदेशालय को अवगत करावें।

निदेशक (जन.स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर

क्रमांकः एफ–279 / ई–03947 / बबाई / योजना / विकास / 2025 / 12 दिनांकः 10/1/25

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विशिष्ठ सहायक, मंत्री, चिकि0 एवं स्वा0 विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें (ईएसआई) राज0सरकार, जयपुर
2. निजि सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0 क0 विभाग, राज0 जयपुर
3. संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–2) विभाग, राज0,जयपुर
4. श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, झुन्झुनू
5. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, झुन्झुनू को को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यवाही तीन दिवस में कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।
6. चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, सी0एच0सी0, बबाई जिला झुन्झूनू
7. प्रभारी सर्वर रूम, मुख्यालय को भेजकर लेख है कि इस आदेश को विभागीय वैब साईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावें।

निदेशक (जन.स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर

Document certified by RAVI PRAKASH MATHUR <rpm272004@yahoo.co.in>.

Digitally Signed by RAVI PARKASH MATHUR
Designation : Director
Date :09-01-2025 04:45:33

RajKaj Ref No.: 12910553